JALAUN POLICE

दिनांक- 17.05.2026

पुलिस महानिदेशक/अपर पुलिस महानिदेशक महोदय, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक महोदय, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जालौन के कुशल पर्यवेक्षण व अपर पुलिस अधीक्षक जालौन के नेतृत्व में साइबर थाना टीम द्वारा आवेदक के साथ क्रेडिट कार्ड के माध्यम से केवाईसी के नाम पर हुई 1,72,900/- रुपये(एक लाख बहत्तर हजार नौ सौ रुपये) की धोखाधडी की सम्पूर्ण धनराशि वापस कराकर आवेदक के चेहरे पर लौटाई मुस्कान।

आवेदक पारस गुप्ता निवासी तुलसी नगर कोतवाली उरई जनपद जालौन द्वारा साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज करायी गयी कि अभियुक्त द्वारा क्रेडिट कार्ड के माध्यम से केवाईसी के नाम पर आवेदक से 1,72,900/- रुपये धोखाधडी कर अपने खाते में ट्रांसफर करवा लेना।

साइबर थाना टीम जनपद जालौन द्वारा जनपद में ऑनलाइन धोखाधड़ी व साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत साइबर थाना पुलिस टीम द्वारा आवेदक द्वारा उपलब्ध कराये गये बैंक स्टेटमेन्ट इत्यादि का अवलोकन व तकनीकी विश्लेषण कर प्रभावी कार्यवाही करते हुए आवेदक उपरोक्त की सम्पूर्ण धनराशि 1,72,900/- रुपये वापस कराने में सफलता प्राप्त की।

अतः आवेदक की फ्रॉड हुई धनराशि आवेदक के खाते में वापस होने पर आवेदक द्वारा पुलिस अधीक्षक जालौन व साइबर थाना पुलिस टीम की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।

बरामदगी का विवरण:-

क्र.सं.	नाम, पता आवेदक	फ्रॉड हुई धनराशि	बरामद धनराशि
1.	पारस गुप्ता निवासी तुलसी नगर कोतवाली उरई	1,72,900/- रू0	1,72,900/- रू0

कुल बरामद धनराशि- 1,72,900/- रुपये(एक लाख बहत्तर हजार नौ सौ रुपये)

बरामद करने वाली टीम –

1. साइबर थाना मय टीम।

-: ऑनलाइन / साइबर फ्रॉड हेतु:-

टोलफ्री नम्बर 1930/112 मो0 नम्बर:- 7839860021